Regarding completion of construction work of NH Nos. 106 & 107

श्री दिनेश चन्द्र यादव **(मधेपुरा):** सभापति महोदय, आपका धन्यवाद ।

महोदय, बिहार राज्य के एनएच-107 का निर्माण कार्य पाँच वर्षों से एवं एनएच-106 कार्य दस वर्षों से अधिक समय से चल रहा है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो रहा है । मंत्रालय द्वारा पथ निर्माण कार्य पूर्ण होने की अंतिम समय-सीमा मार्च, 2022 और फिर मार्च, 2023 निर्धारित की गई थी । लेकिन इसमें भी काम पूर्ण नहीं होने के बाद अंतिम तिथि मार्च, 2024 निर्धारित की गई है । कार्य की शिथिलता को देखने से इसे पूर्ण होने में और कई वर्ष लगेंगे ।

एनएच-107 के आरओबी का सिमरी-बख्तियारपुर, सहरसा सर्वा-ढाला, मठाही से पश्चिम, मधेपुरा से पश्चिम, दीनापट्टी हॉल्ट, मीरगंज चौक पर आंशिक कार्य करके छोड़ दिया गया है । सोनवर्षा राज, बैजनाथपुर चौक एवं भर्राही में अंडरपास का स्ट्रक्चर का कार्य तो हो गया है, लेकिन एप्रोच रोड नहीं बन रही है ।

उसी तरह से एनएच-106 के माणिकपुर चौक पर फ्लाई ओवर ब्रिज का पीयर बनाकर छोड़ दिया गया । सुपर स्ट्रक्चर का काम नहीं हो रहा है । उदाकिशुनगंज से विहपुर के बीच कोसी नदी पर ब्रिज का काम धीमी गति से हो रहा है । फुलौत से उदाकिशुनगंज के बीच 30 किलोमीटर पथ निर्माण के कार्य की गति भी बहुत धीमी है ।

अतः मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री से मांग करता हूं कि जनहित में एनएच-107 और एनएच-106 का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएं । धन्यवाद ।

माननीय सभापति **:** श्री अनुभव मोहंती ? उपस्थित नहीं ।

श्री कोडिकुन्नील सुरेश जी ।